# संपादकीय


## शेख हसीना की भारत यात्रा

भारत के लिए संतोष की बात है कि जिस समय पास-पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश ने मित्रता के अपने रुख को दोहराया है।

अपने देश में प्रतिकूल माहौल को नजरअंदाज करते हुए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने भारत की सरकारी यात्रा की, इसे उनका एक साहसिक कदम कहा जाएगा। शेख हसीना को इस बात का अंदाजा जरूर रहा होगा कि इस यात्रा के बाद देश में उनके विरोधियों को उन पर हमला बोलने का नया मुद्दा मिल सकता है। यात्रा को जो परिणाम सामने है, उससे ये आशंका सच होने की गुंजाइश बन गई है। 1975 में शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक खास पहलू बांग्लादेश में धीरे-धीरे फैलती गई भारत विरोधी भावना का रहा है। स्पष्टतः निहित स्वार्थी मजहबी कट्टरपंथी तत्वों ने इस भावना को हवा दी है। इसलिए बांग्लादेश की सरकारों के सामने अक्सर यह जवाब देने की स्थिति रही है कि भारत सरकार से उनके संबंध और संपर्क में बांग्लादेश को क्या हासिल हुआ है। वरना, प्रधानमंत्रियों पर भारत के आगे घुटने टेकने का इल्जाम लगे हैं। हाल में भारत में बने सांप्रदायिक माहौल से उन तत्वों की मुहिम को और बल प्राप्त हुआ है।

इस बार शेख हसीना की यात्रा में तीस्ता नदी के जल बंटवारे के मुद्दे पर बांग्लादेश में काफी शोर रहा। शेख हसीना नई दिल्ली में हालांकि कुशियारा नदी का 153 क्यूसेक अधिक पानी बांग्लादेश को दिलवाने का करार करने में सफल रहीं, लेकिन तीस्ता का मसला जहां का तहां लटका रह गया है। तो बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों ने ये गोला दाग दिया है कि आखिर शेख हसीना क्यों भारत गईं। उन पर भारत सरकार के आगे घुटने टेकने के इल्जाम भी लगाए गए हैं। इधर चीन के बारे में नई दिल्ली में जिस तरह शेख हसीना ने जो कुछ कहा, साफ है वह भारत की अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं है। बाकी हुए समझौतों से दोनों देशों को चाहे जो लाभ हो, जन धारणाओं को ढालने में उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। फिर भी भारत के लिए यह जरूर संतोष की बात है कि जिस समय पास-पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश सरकार ने न्यूनतम मित्रता के अपने रुख को दोहराया है। इसके बावजूद वहां चीन की बढ़ रही पैठ पर भारत सरकार को अवश्य कड़ी नजर रखनी होगी।

## ख्वाबों में ख्वाहिशों की



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

फिर आ गए करीब वो बातें लिए हुए
ख्वाबों में ख्वाहिशों की बरातें लिए हुए
आवाज कुछ बुझी हुई लहजा वही ज़हीन
वादों में कितनी ही मुलाकातें लिए हुए
लो हो गया शुरू वो इंतजार का चलन
बेख़्वाब निगाहों में ये रातें लिये हुए
अर्से के बाद दिल को है सुकून तो मिला
दिल गुनगुना रहा है सौगातें लिए हुए
÷स्वाती÷खिला लबों पे तबस्सुम की बिजलियां
भीगे लबों की ये करामातें लिए हुए

## मुझे झुकने न दोगे



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

मुझे झुकने न दोगे
कभी हारने न दोगे
हों दिल के जो अरमां
उन्हें मारने न दोगे
ख़ुद पे मेरा यक़ीन
बयाबाँ भी हो
ख़ुद के लिये ख़ुलूस
चाहे ना भी हो
तुम रहोगे हमेशा
बायक़ीन बाख़ुलूस
ख़ुद की मेरी सीरत
मुझे भाये न भाये
ख़ुद में मेरी सूरत
चाहे जैसी नज़र आये
हूँ तुम्हारे लिए मैं
ख़ूबसूरत उजली सीरत
हर पल अफ़सुर्दगी
की कहानी पुरानी
हर वक़्त की मायूसी
भूली जोश की रवानी
फिर भी बन के हौसला
हमनफ़स हमक़दम
मुझे झुकने न दोगे
कभी हारने न दोगे
हों दिल के जो अरमां
उन्हें मारने न दोगे

## खुशगवार



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

काँटों से दोस्ती, फूलों से प्यार करते चलो।
उदास जिन्दगी, खुशगवार करते चलो।
क्यूँ बैठे हो तुम, मायूसियों के सहरा में,
मुस्कुरा के जिन्दगी, गुलजार करते चलो।
हँसने हँसाने पे वक्त का कोई पहरा नही,
हर एक पल तुम बहार करते चलो।
दर्द को समझो तुम गजल की तरह,
अपने अश्कों को अशआर करते चलो।
जप्त कर लो आहें, दोस्तों बिखरने न दो,
फूलों को बाहों में गिरफ्तार करते चलो।

# भारतीय मत्स्यपालनःसमृद्धि की ओर अग्रसर

न सिर्फ सभ्यता के विकास के चक्र में, बल्कि सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताओं की कहानियों में भी 'मछली' का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे पुराणों में भगवान विष्णु के पहले अवतार 'मत्स्यावतार' का उल्लेख है। प्राचीन तमिलनाडु के खूबसूरत संगम साहित्य में मछुआरों के जीवन और घुमावदार नावों (अकानानुरु) का विशद वर्णन है। सिंधु घाटी की खुदाई में मिले प्रमाण हमें प्राचीन भारत में व्यापक स्तर पर मत्स्यपालन के प्रसार की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं। विस्तृत तटीयरेखाओं और विशाल नदियों वाला भारत मत्स्य संसाधनों के मामले में बेहद समृद्ध है। हमारी संस्कृति में शुरू से ही मछली और मछुआरों का एक केन्द्रीय स्थान रहा है।

आजादी के बाद भारत में मत्स्यपालन क्षेत्र का विकास विभिन्न राज्यों की पहल, प्राथमिकताओं और संसाधनों के अनुरूप अलग-अलग गति व दिशाओं में हुआ। केन्द्र सरकार की कम भागीदारी या उसके द्वारा अपर्याप्त निवेश (विभिन्न रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक केन्द्र सरकार की ओर से मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए महज 3682 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी) के कारण भारतीय मत्स्यपालन बेहद उपेक्षित रहा। बीमा, सुरक्षा किट, ऋण सुविधा, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया और विपणन के मामले में बेहद कम सहायता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत के साहसी मछुआरे जर्जर नौकाओं पर सवार होकर समुद्र में अपना उद्यम जारी रखते रहे। आजादी के 67 साल बाद भी, करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया।

यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर एक निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता श्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केन्द्र में एक निर्णायक सरकार चुनी।

पीएम मोदी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केन्द्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केन्द्रित किया। पिछले आठ वर्षों के दौरान कई अन्य पहलों के अलावा, नीली क्रांति योजना, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के रूप में मत्स्यपालन के क्षेत्र में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।

इन कदमों ने 'सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव' के मंत्र का पालन करते हुए बाधाओं को दूर किया और मत्स्यपालन के क्षेत्र की बेड़ियों को खोल दिया। इससे भारत के मछली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित हुई। मछली का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 102 लाख टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 161 लाख टन हो गया। मोदी सरकार के पहले पांच वर्षों में मत्स्यपालन क्षेत्र औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जबकि यह वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2009-10 से लेकर 2013-14 तक 5.27 प्रतिशत थी।

अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मत्स्यपालन क्षेत्र के अधिक केन्द्रित और समग्र विकास के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। वर्ष 2020 में, प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। पीएमएमएसवाई भारतीय मत्स्यपालन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली मुख्य प्रेरक शक्ति साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 तक इस योजना में मत्स्य उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता और निर्यात में तेजी से वृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। इसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया में होने वाले नुकसान को काफी कम करने और देश में मछली की खपत बढ़ाने की भी परिकल्पना की गई है।

विभिन्न सुधारों और पहलों की वजह से भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में मुख्य बुनियादी ढांचे का विकास और आधुनिकीकरण हुआ है। विशेषकर, मछली पकड़ने के नए बंदरगाहों/लैंडिंग केंद्रों की स्थापना, मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक शिल्प का आधुनिकीकरण व मोटरीकरण, गहरे समुद्र में जाने वाले जहाज, मछली पकड़ने के बाद की सुविधाओं की व्यवस्था, कोल्ड चेन, साफ एवं स्वच्छ मछली बाजार, बर्फ के बक्से वाले दो पहिया वाहन और कई अन्य बातों को बढ़ावा मिला है। मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की गई है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया ने आयात के लिए स्वच्छता परमिट (एसआईपी) प्राप्त करने में लगने वाले समय को 45 दिनों से घटाकर केवल 48 घंटे कर दिया है। स्वीकृत स्रोतों से एसपीएफ श्रिम्प ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए एसआईपी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे झींगा पालन से जुड़े सैकड़ों हैचरी को मदद मिली है। सरकार ने झींगा जलीय कृषि के लिए आवश्यक कई सामग्रियों पर लगने वाले आयात शुल्क को भी घटा दिया है, जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

मछुआरे हमारे गौरव हैं। मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। मत्स्यपालन के क्षेत्र का विविधीकरण किया जा रहा है। अब, तमिलनाडु की महिलाएं समुद्री शैवाल की खेती कर रही हैं, जबकि लक्षद्वीप की महिलाएं कृत्रिम मत्स्यपालन को विकसित कर रही हैं। हमारे असमिया मछुआरे ब्रह्मपुत्र में रिवर रैंचिंग को विकसित कर रहे हैं। उधर, आंध्र प्रदेश के उद्यमी जलीय कृषि में ठोस परिणाम देते हुए प्रति बूंद पर अधिक उत्पादन हासिल करते हैं। कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी ठंडे पानी की ट्राउट इकाइयां स्थापित कर रही हैं। हरियाणा की लवणयुक्त भूमि का उपयोग मत्स्यपालन के लिए किया जा रहा है। इस प्रकार, बंजर भूमि को धन देने वाली भूमि में परिवर्तित किया जा रहा है।


नए स्टार्ट-अप मत्स्यपालन के क्षेत्र में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, वित्त और उद्यमशीलता की भावना को आकर्षित कर रहे हैं और इस प्रकार एक मूक सामाजिक क्रांति भी ला रहे हैं। वर्तमान में भारतीय मत्स्यपालन का एक गौरवशाली उप-अध्याय जलीय कृषि के रूप में लिखा जा रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर झींगा के उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी बना रहा है। भारत जलीय कृषि का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक, मछली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और मछली एवं मछली से तैयार उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर ब्रांड इंडिया को 'स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर तक' ले जा रहा है।

बाधाओं को दूर करके, प्रौद्योगिकी का समावेश करके, कल्याण की प्रक्रिया को फिर से वास्तविक लाभार्थियों की ओर मोड़कर, उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित कर और महिलाओं को सशक्त बनाकर भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र उन बेड़ियों से मुक्त हो गया है जो इसे आजादी के बाद से छह दशकों से अधिक समय तक जकड़े हुए थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार के आठ साल ने भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है।

आज, जब हम पीएमएमएसवाई की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

-डॉ. एल. मुरुगन-

## आदिम विभागीय बजट और छात्रवृत्ति



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जाँजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

यह देश की कैसी विडंबना है
शासन-प्रशासन में फैली अनमना है
एक वर्ग सड़सठ
सहस्त्र मासिक में दीन है
कोई षोडश सहस्त्र
आवक में कुलीन है
सत्ताधारियों का विभेद
सोंच से परे है
सज्ञान लो कि यह
किस ओर खड़े हैं
निम्नो की उन्नति हेतु
आदिम विभाग है
करोड़ो के बजट का मिलते पराग है
किंतु उसकी खपत नही कर पाते हैं
पता नही कौन हजम कर जाते हैं?
इनके अधिकारी भी धूर्त लगते हैं
या यह भी कुलीन
वर्ग के सुपुर्द लगते हैं
तभी तो वंचितों को
लाभांश नही मिल पाता है
बिन पानी के
अधखिले फूल मुरझाता है
इनके बच्चे पढ़े
इस खातिर बनी नीति है
जैसे-जैसे बढ़े मिलती छात्रवृत्ति है
पर अब तो यह
भी कागज में सीमित है
शोषण करने की यह भी एक रीत है
तृतीय-चतुर्थ वर्षो बाद भी नही
मिल पाती है
मन मसोसकर रहती हृदय
कुलबुलाती है
इस भेदभाव का
बच्चे बूढ़े जवान शिकार है
समता बंधुत्व आए सबमें यही
दरकार है
बिन माँगे माँ क्षीर नही देती है
फिर तो जागो-जागो मूलनिवासी
गलत हाथों में
संविधान की धार है।।

## चलो चले स्कूल चले



मुकेश अमन
बाड़मेर
राजस्थान

पढ़ना है, पढ़ना है ,
सबसे आगे बढ़ना है ।
कलम उठाओ ज्ञान की,
नया दौर अब लिखना है ।।
काली-काली रात का
अंत तो करना पड़ेगा ।
नई सुबह के वास्ते,
'दूर तक चलना पड़ेगा ।।
अंधियारे के अंत पर,
तय सूर्य उगना है ।
पढ़ना है, पढ़ना है ।
सबसे आगे बढ़ना है।।
उठो, उठो जल्दी जागो,
चलो चले स्कूल चले ।
जहां गुरुजी ज्ञान वाली,
ज्योत से हाँ ज्योत जले ।।
महक उठे अमन ऐसा,
फूल बनकर खिलना है ।
पढ़ना है, पढ़ना है ,
सबसे आगे बढ़ना है ।।

## क्या खेल में जीतना ही सब कुछ है और सभी का अंत है?



-प्रियंका सौरभ
हिसार
(हरियाणा)

खेलों में बढ़ते दुर्व्यवहार और असहिष्णुता के लिए एक ही कारण को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, सामाजिक जागरूकता की कमी और खेल भावना की समझ में कमी, बढ़ती असहिष्णुता और नफरत इसके पीछे मुख्य कारण है। जब खेल को दो विरोधियों के बीच प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखा जाता है, तो राष्ट्रवाद और धार्मिकता की मजबूत धारणा व्यक्तियों को धार्मिक दुर्व्यवहार के लिए प्रेरित कर सकती है। उदाहरण के लिए, भारत और पाकिस्तान क्रिकेट मैच का परिणाम अक्सर दोनों ओर से गाली-गलौज को आकर्षित करता है। पाकिस्तान का तो खास तौर पर हर विरोधी टीम के साथ व्यवहार निचले दर्जे से भी नीचे का है, हार को खेल के अंग के रूप में स्वीकार करने के लिए धैर्य और नैतिक शक्ति के गुणों का होना बहुत जरूरी है। हर संभव विकल्प का उपयोग करके जीतने के लिए तत्काल संतुष्टि और हताशा गलत परिणाम लाती है और खेल भावना को कलंकित करती है।

असहिष्णुता से तात्पर्य किसी ऐसे परिणाम या परिणाम को स्वीकार करने में असमर्थता से है जो उसकी अपेक्षाओं से अलग है। एशिया कप के दौरान खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों द्वारा तोड़फोड़ और नस्लीय और धार्मिक दुर्व्यवहार द्वारा खिलाड़ियों को निशाना बनाने के मामले बेहद चिंताजनक है। आमतौर पर क्रिकेट और फुटबॉल मैचों के दौरान सोशल मीडिया पर ऐसे मामले देखे जाते हैं। क्रोध और असहिष्णुता नकारात्मक भावनाएं हैं जो प्रतिकूल उत्तेजना या किसी खतरे के जवाब में विकसित होती हैं। जैसा कि गांधीजी ने कहा, क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के दुश्मन हैं, क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए और सहनशील होना चाहिए। सही समझ दूसरों की भावनाओं और विचारों की सराहना करने या उन्हें साझा करने का एक स्वभाव है। क्रोध और असहिष्णुता सही समझ की ऐसी क्षमता को कम कर देते हैं क्योंकि ये व्यक्ति को पक्षपाती और तर्कहीन बना देते हैं।

खेल मुख्य रूप से एक प्रतिस्पर्धी गतिविधि है जहां जीतना ही सब कुछ है और सभी का अंत है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? शायद इसीलिए, इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी खेल के माहौल में, हम अक्सर अनैतिक व्यवहार के बारे में सुनते हैं जिसमें धोखाधड़ी, नियमों को झुकाना, डोपिंग, खाद्य पदार्थों का दुरुपयोग, शारीरिक और मौखिक हिंसा, उत्पीड़न, यौन शोषण और युवा खिलाड़ियों की तस्करी, भेदभाव शामिल हैं। शोषण, असमान अवसर, अनैतिक खेल व्यवहार, अनुचित साधन, अत्यधिक व्यावसायीकरण, खेलों में नशीली दवाओं का उपयोग और भ्रष्टाचार। ये कुछ उदाहरण हैं कि खेल में क्या गलत हो सकता है। इनका एक ही कारण नहीं है, समस्या का एक हिस्सा यह है कि लोग निर्णय लेते समय नैतिकता की उपेक्षा करते हैं। इस संदर्भ में नैतिकता का महत्वपूर्ण स्थान है।

बढ़ते दुर्व्यवहार और असहिष्णुता के लिए एक ही कारण को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, सामाजिक जागरूकता की कमी और खेल भावना की समझ में कमी, बढ़ती असहिष्णुता और नफरत इसके पीछे मुख्य कारण है। जब खेल को दो विरोधियों के बीच प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखा जाता है, तो राष्ट्रवाद और धार्मिकता की मजबूत धारणा व्यक्तियों को धार्मिक दुर्व्यवहार के लिए प्रेरित कर सकती है। उदाहरण के लिए, भारत और पाकिस्तान क्रिकेट मैच का परिणाम अक्सर दोनों ओर से गाली-गलौज को आकर्षित करता है। हार को खेल के अंग के रूप में स्वीकार करने के लिए धैर्य और नैतिक शक्ति के गुणों का होना बहुत जरूरी है। हर संभव विकल्प का उपयोग करके जीतने के लिए तत्काल संतुष्टि और हताशा गलत परिणाम लाती है और खेल भावना को कलंकित करती है।

खेले गए मैचों के परिणाम और परिणाम खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के साधन के बजाय अपने आप में एक अंत बन गए हैं। सोशल मीडिया की व्यापक पहुंच ने लोगों के बुरे पक्ष को पनपने के लिए सही जमीन बनाने के लिए जनता को एक गुमनाम आवाज दी है। उदा. खिलाड़ियों के परिवारों को ऑनलाइन रेप की धमकी, परिणाम और प्राप्तकर्ता पर प्रभाव के बारे में सोचे बिना कार्रवाई करने के लिए लापरवाह रवैया। नफरत और गुस्से के निशाने पर आए खिलाड़ी सामाजिक दबाव के आगे झुक सकते हैं। और डर की भावना पैदा कर सकता है, जो बदले में खेल में खिलाड़ी के प्रदर्शन से समझौता करेगा। प्रदर्शन के दबाव के कारण सिमोन बाइल्स ओलंपिक 2020 में हिस्सा भी नहीं ले सकीं।

ऐसा व्यवहार सामाजिक एकता के खिलाफ जाता है क्योंकि नस्लीय और धार्मिक दुर्व्यवहार बहु-धार्मिक समाज के बीच विभाजन पैदा करता है। हर बार जीतने का अनुचित दबाव खिलाड़ियों को धोखाधड़ी, बेईमानी और डोपिंग जैसे अनैतिक तरीकों में लिप्त होने के लिए उकसा सकता है। ÷क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के दुश्मन हैं÷ दुर्व्यवहार में शामिल व्यक्तियों में तर्कसंगतता और खेल की सही समझ का अभाव होता है। गाली-गलौज और नफरत खेल नैतिकता और खेल भावना के खिलाफ है। खिलाडी ही नहीं दर्शकों के बीच नैतिक व्यवहार के लिए मूल्यों को विकसित करना महत्वपूर्ण है, खेल का सम्मान करने के लिए स्पष्ट अनिवार्यता न कि परिणाम और इस प्रकार दर्शकों के बीच नैतिक व्यवहार विकसित करना। बुनियादी मानवीय शालीनता और सम्मान के सिद्धांतों का पालन करना। तर्कसंगतता का अभ्यास करें और वैज्ञानिक स्वभाव और मानवतावाद को कर्तव्य के रूप में विकसित करें।

प्रतिकूल समय में खिलाड़ियों को प्यार और समर्थन खिलाड़ियों में खुद को सुधारने के लिए प्रेरणा और समर्पण की भावना को प्रज्वलित करेगा। सोशल मीडिया, सिनेमा और अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना, सामाजिक एकता सुनिश्चित करेगी। मूल्य आधारित शिक्षा और खेलकूद के माध्यम से बच्चों में प्रशंसा और आत्म-सम्मान के मूल्यों का विकास करना। खिलाड़ियों को अपनी कमजोरियों और गलतियों को स्वीकार करने और व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमता में उत्कृष्टता की ओर प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्र निरंतर प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक पहुंचे। एक जिम्मेदार नागरिक और इंसान के रूप में हमें खेलों में अपने नायकों का सम्मान और समर्थन करना चाहिए।

तनाव का सामना करने पर खिलाडियों, लोगों और नेताओं के मन की स्थिरता खोना आम बात है। इस प्रकार, आज के विश्व में खिलाडियों और प्रशासकों को निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने के लिए भावनात्मक रूप से बुद्धिमान होने की आवश्यकता है। सामाजिक प्रगति और खेलों के विकास के लिए संतुलित निर्णय लेना एक उद्देश्य और निष्पक्ष दिमाग से ही किया जा सकता है, जिसे क्रोध को नियंत्रित करके और सहिष्णु और खुले मन से प्राप्त किया जा सकता है।

## लिज ट्रस की जीत के अर्थ

ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक को हराकर यह सर्वोच्च पद पाया है। वे पिछली बोरिस जानसन सरकार में विदेश मंत्री रही हैं। ऋषि सुनक हारे जरुर हैं लेकिन उन्हें 43 प्रतिशत वोट मिल गए जबकि ट्रस को 57 प्रतिशत वोट मिले। सुनक अंग्रेज नहीं हैं। भारतीय मूल के हैं। उनके पिता गुजराती और माँ पंजाबी हैं। इसके बावजूद उन्हें ट्रस के 81 हजार वोटों के मुकाबले 60 हजार वोट मिल गए, यह अपने आप में भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

जिस अंग्रेज ने भारत पर लगभग 200 साल राज किया, उसी अंग्रेज के सिंहासन तक पहुंचने का अवसर एक भारतीय को मिल गया। सुनक का यह साहस ही था कि उन्होंने अपना इस्तीफा देकर बोरिस जानसन की सरकार को गिरवा दिया। वित्तमंत्री के तौर पर उन्हें काफी सराहना मिली थी लेकिन कई छोटे-मोटे विवादों ने उनकी छवि पर प्रश्न चिन्ह भी उछाल दिए थे। यदि वे जीत जाते तो 21 वीं सदी की वह उल्लेखनीय घटना बन जाती लेकिन हारने के बावजूद उन्होंने जो बयान दिया है, उसमें आप भारतीय उदारता और गरिमा की झलक देख सकते हैं। उन्होंने ट्रस को बधाई दी है और कंजर्वेटिव पार्टी को एक परिवार की तरह बताया है।

लिज ट्रस कैसी प्रधानमंत्री साबित होंगी, यह कहना मुश्किल है। अगले दो साल तक उनकी कुर्सी को कोई हिला नहीं सकता लेकिन 2024 के चुनाव में वे अपनी पार्टी को कैसे जिता पाएंगी, यह देखना है। बोरिस जानसन का उन्हें पूरा सहयोग रहेगा लेकिन उनकी हालत इस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ की तरह हो गई है। वे जिस वक्त में प्रधानमंत्री बनी हैं, वह ऐसा खराब है, जैसा पिछले कई दशकों में नहीं रहा है। ब्रिटेन में मंहगाई, बेरोजगारी, महामारी आदि की समस्याओं ने तो सिर उठा ही रखा है, उसकी अर्थव्यवस्था बिल्कुल डांवाडोल हो रही है। आम आदमी सरकारी टैक्स भरने से बेहद परेशान है। ट्रस का कहना है कि टैक्स घटाने में वे कोताही नहीं करेंगी। लेकिन ब्रिटेन के कई मजदूर-संगठनों ने अभी से हड़तालों और प्रदर्शनों की घोषणा कर दी है। विदेश मंत्री के तौर पर उनके द्वारा दिए गए कई बयानों की ब्रिटिश अखबारों ने काफी मजाक उड़ाई है लेकिन यूक्रेन के बारे में उनकी रूस-विरोधी नीति को काफी समर्थन मिला है। यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के संबंध को घनिष्ट बनाने के लिए भी वे कृतसंकल्प हैं। रूस-चीन की हिंद-प्रशांत नीति के विरोध में भी वे सक्रिय रहेंगी। रूस सरकार ने ट्रस के प्रधानमंत्रित्व का काफी मजाक उड़ाया है लेकिन ऋषि सुनक की हार के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रस का स्वागत किया है।

कोई आश्चर्य नहीं कि ट्रस-काल में ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाए। विदेश मंत्री की हैसियत में वे दो बार भारत आ चुकी हैं। यह भी संभव है कि उनके मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के कुछ नेताओं को महत्वपूर्ण विभाग सौंपे जाएं। ऋषि सुनक को पराजित करने वाली अंग्रेज नेता को भारत के प्रति अतिरिक्त उदारता दिखाने में ही ज्यादा लाभ होगा।

-वेद प्रताप वैदिक-

## लफ्जों के फूल



पूनम शर्मा स्नेहिल
जमशेदपुर
बिहार

डूब कर उसके नशे में चूर हो गया।
जब से लफ्जों के फूल के पास
हुजूर हो गया।
डूबा कर मुहब्बत में हर अल्फाज
लिखती थी वो।
चाहने को उसको
मैं मजबूर हो गया।
शमा भी जल कर
क्या रोशनी करती यारों।
उसकी आंखों के जुगनू
से तिमिर दूर हो गया।
आजाद परिंदा बनकर फिरा करता
था जमाने में मैं।
उसकी हर बात पर मैं
अब तो कपूर हो गया।
चाहत को समझना
आसान नहीं था मेरे लिए।
ना समझो चाहत को वो हर भरम
दूर हो गया।
बचा ना सका स्नेहिल वो खुद को
तुझसे।
तेरी मोहब्बत में कुछ इस कदर
मशहूर हो गया।।

## भाजपा की दक्षिण भारत और उत्तर पूर्व विजय


पिछले आठ साल में भाजपा ने उत्तर-पूर्व के राज्यों की विभिन्न पार्टियों से 93 एमएलए अपने खाते में संजो लिए हैं । ज्ञात हो कि मिजोरम विधानसभा में मात्र 40 सदस्य होते हैं । अभी हाल में मणिपुर के 6 जे.डी.यू. विधायकों में से पांच को भाजपा ने कमल की माला पहना दी । इनका भव्य स्वागत दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में स्वयं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया । सन् 2014 में नागालैण्ड विधानसभा में एन.सी.पी. के तीन विधायक भाजपा में शामिल हो गये थे । अरुणाचल प्रदेश में सन् 2003 और 2016 में समस्त कांग्रेसी विधायक एक मुश्त भाजपा में शामिल हो गये और बिना किसी इलेक्शन के वहां भाजपा की सरकार बन गई । यूं यह कमल खिलाने का काम पूरे देश में चल रहा है । उत्तराखण्ड में अनेक कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुये थे । मध्यप्रदेश में तो कांग्रेस के 23 विधायक एक मुश्त भाजपा में शामिल हो गये और शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बने ग्रे । गोवा में भी यह खेल खेला जा चुका है । राजस्थान में जरूर सफल नहीं हो पाये पर अब दिल्ली और उत्तराखण्ड पर नजर है । जल्दी ही झारखण्ड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार गिर जायेगी, ऐसा आभास राजनैतिक विश्लेषक बतलाते हैं ।

भाजपा तो कांग्रेस मुक्त भारत की बात करती है । और यह और कोई नहीं स्वयं प्रधानमंत्री बोलते हैं जबकि सच्चे स्वराज में विपक्षी दल की अहम भूमिका होती है । हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ही हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए कहते हैं कि कोई बरसाती पहनकर नहाना डॉक्टर साहब से सीखे । दिल्ली के मुख्यमंत्री उनके लिए एके-47 हैं ।

उत्तर पूर्व के 93 विधायक जो भाजपा में सन् 2014 से अब तक शामिल हुए हैं, उनमें 32 कांग्रेसी हैं । यह संख्या कुल दलबदलुओं का एक तिहाई है । 2019 में अरुणाचल प्रदेश में जे.डी.यू. के छः विधायक भाजपा में शामिल हुए थे ।

-अजय दीक्षित-

## प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना से होगा शिक्षा का कायाकल्प



प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर न केवल देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए अपितु देश भर में 14500 स्कूलों को विकसित और उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री÷ स्कूल और राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना÷ का शुभारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा हमें सिर्फ बालकों को शिक्षित ही नहीं करना है, बल्कि उनके जीवन में बदलाव लाना है।सच्चा शिक्षक अपने छात्रों को सपने देखने और असंभव को संभव बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का तरीका पीएम श्री योजना में आधुनिक परिवर्तनकारी और समग्र होगा। यहाँ ÷शोध उन्मुख ज्ञान÷आधारित शिक्षण पर बल दिया जाएगा ।इनमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, खेल समेत और भी बहुत सारी आधुनिक बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा यह देखते हुए कि एन0 ई0पी0 ने हाल के वर्षों में शिक्षा क्षेत्र को बदल दिया है ।शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन आया है ।उन्हें पूरा यकीन है कि पीएम श्री स्कूल पूरे भारत में इसी भावना के साथ लाखों छात्रों को लाभांवित करेंगे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा भारत अपनी शैक्षणिक पारिस्थितिकी को मजबूत करने के मामले में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरे विश्व में सराहना हो रही है और शिक्षकों ने इस नीति को गढ़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। शिक्षकों की अहम भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है ।शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं समाज को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक के मजबूत कंधे पर ही होता है। शिक्षक सिर्फ छात्रों को शिक्षित ही नहीं करते अपितु अधिगम के द्वारा उनके व्यवहार में वांछित परिवर्तन भी लाते हैं ।युवाओं को तैयार करना हमारे शिक्षकों के हाथ में है। हमारे युवा तय करेंगे कि 2047 के अमृत काल में भारत कैसा दिखेगा ..?

सफल शिक्षक वही है जिसके लिए उसका हर छात्र समान हो और इसमें कोई पसंद या नापसंद न हो ...भेदभाव से परे हो ...बच्चा स्कूल में कुछ और घर में कुछ और देखें तो वह असमंजस में पड़ सकता है ।शिक्षक के पास सकारात्मकता की ताकत होती है। वह छात्र को चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित कर सकें। प्रधानमंत्री जी ने देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का जिक्र करते हुए कहा यह बेहद खास उपलब्धि है, क्योंकि हमने उस देश को पीछे छोड़ा है जिसने हम पर 250 साल तक राज किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पुष्टि कर दी है कि अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका चीन ,जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्था है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। यह योजना छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। उन्हें खेल आधारित शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षा और करके सीखने की ओर अग्रसर करती है । जब बालक स्वयं करके देखता है.. सीखता है ..तो उसके अनुभवों में वृद्धि होती है ।यही अनुभव स्थाई ज्ञान का आधार बनते हैं ।बच्चे को रटन्त प्रवृत्ति से पढ़ाने के बजाय उसे प्राकृतिक परिवेश में स्वयं सोचने एवं विचारने और बातचीत का अवसर देकर उसकी जिज्ञासा को शांत करना होगा, ताकि बालक निर्धारित विषय पर शिक्षक के साथ चर्चा -परिचर्चा के माध्यम से अधिगम प्राप्त कर सके। हम अपने उद्देश्य में तभी सफल होंगे जब बालकों के आंतरिक कौशल का विकास किया जाएगा ।

बालकों की आंतरिक शक्तियों को पहचानना शिक्षक का उत्तरदायित्व है। प्रधानमंत्री जी की यह योजना शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन लाने में कितनी कारगर होगी ,यह समय ही बताएगा किंतु किसी अच्छी कार्य की शुरुआत आज से ही की जाए। क्यों ना हम अपने विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए पीएम श्री योजना को विद्यालयों में कार्यान्वित करें और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए बालकों को प्रेरित करें।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# दो दिन से सीटी स्कैन मशीन खराब,रोगी निजी में जांच कराने को हो रहे हैं विवश

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** पिछले दो दिनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर का सीटी स्कैन मशीन खराब है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मशीन के सॉफ्टवेयर में खराबी आ जाने के कारण मरीजों का सीटी स्कैन नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति में मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर के सीटी स्कैन में अपना जांच कराने को विवश हैं। निजी सीटी स्कैन संटरों में जांच कराने पर मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।




मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 128 स्लाइस का सीटी स्कैन मशीन लगाया गया है। कुछ दिन पूर्व ही मशीन में खराब आने के कारण मरीजों का सीटी स्कैन नहीं हो पा रहा था। इसके बाद इंजीनियर द्वारा सुधार कार्य कराया गया था। इसी बच 9 सितंबर को अचानक सीटी स्कैन मशीन के सॉफ्टवेयर में खराबी आने के कारण बंद पड़ा है। इस स्थिति में मरीजों का सीटी स्कैन नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति में मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर के सीटी स्कैन में अपना जांच कराने को विवश हैं। प्राइवेट डायग्नोस्टिक संटर में सीटी स्कैन कराने पर मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। सिर में गंभीर चोट लगने सहित अन्य बीमारियों के बारे में पता करने के लिए डॉक्टर मरीज को सीटी स्कैन कराने के लिए पर्ची पर लिखते हैं। मरीज सीटी स्कैन काउंटर पर जाते हैं तो पता चलता है कि मशीन खराब है। ऐसे में मरीजों को वापस लौटना पड़ता है। वहीं जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं। वह प्राइवेट सीटी स्कैन सेंटरों पर जाकर सीटी स्कैन करा रहे हैं। शहर में सीटी स्कैन कराने की एवज में सेंटर अलग-अलग शुल्क वसूलते हैं। कम से कम 2000 रुपये और अधिकतम 2500 रुपये तक लिए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मशीन में खराबी आने पर इसकी जानकारी सीटी स्कैन के इंजीयर को दी गई थी। इंजीयर 10 सितंबर को सीटी स्कैन की मरम्मत करने की कोशिश की गई पर उपकरण नहीं मिलने के कारण सही नहीं हो पाया।

# युवक ने अस्पताल में मचाया उत्पात,गेट में लगे कांच को तोड़ा

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में एक युवक ने उत्पात मचाया है। युवक गुस्से में आकर दरवाजे में लगे कांच को तोड़ दिया। इस दौरान महिला व पुरूष सिक्योरिटी गार्ड उसे रोकने की कोशिश की पर वह नहीं माना और दरवाजे को कांच को तोड़ दिया।



जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के शिवपुर बुढ़ार निवासी संजू पिता शिवनारायण अपनी पत्नी पुष्पा को डिलिवरी कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में भर्ती कराया है। रविवार को अस्पताल में विशेष साफ-सफाई कराई जाती है। ताकि संक्रमण का खतरा कम हो। इस दौरान मरीज के परिजन को बाहर निकाल कर एमसीएच के दोनों गेट को बंद कर साफाई किया जा रहा था। तभी संजू आया और अस्पताल के अंदर जाने की जिद्द करने लगा। सिक्योरिटी गार्ड द्वारा मना करने पर वह नहीं माना और हंगामा मचाना शुरू कर दिया। दस दौरान युवक हाथ से मार कर एमसीएच के पीछे के गेट का कांच तोड़ दिया और महिल-पुरूष सिक्योरिटी गार्ड के साथ बदमिजी करने लगा।

सिक्योरिटी गार्ड ने घटना का वीडियो भी बनाया है। मामले की जानकारी लगने पर अस्पताल अधीक्षक ने युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी व संबंधित थाने को पत्र लिखा है।

# बिना एंट्री कर डिस्काउंट रेट पर बेच रहे दो कर्मचारी धराए



-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** दवा दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के द्वारा हेरा फेरी व दवाओं की चोरी का मामला सामने आया है। दरअसल नगर के एमआरएम अस्पताल एंड डॉक्टर हाउस की दवा दुकान में कर्मचारी दरीपारा निवासी विक्रम साहू पिता सेवक साहू विगत 3 साल से काम कर रहा था। उसी के साथ नमनाकला मौलवी बांध निवासी सौरभ मिश्रा पिता मोहन मिश्रा2 साल से काम कर रहा था। इस लंबे अंतराल के बीच दोनों ही कर्मचारियों के द्वारा दवा दुकान से बिना कंप्यूटर में इंट्री किए एक कागज की पर्ची पर हिसाब किताब लिखकर दवाओं की चोरी कर उसे डिस्काउंट रेट पर बेचा जा रहा था। दोनों कर्मचारियों के द्वारा इस लंबे अंतराल में कितनी दवाओं की चोरी की गई यह फिलहाल जांच का विषय है। अस्पताल व दवा दुकान के संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस पूछताछ के बाद ही यह बात सामने आ सकेगी की दोनों कर्मचारियों के द्वारा कितनी दवाओं की चोरी की गई है। फिलहाल पुलिस मामले में एफ आई आर दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

# भारत जोडो यात्रा में लोगों की समस्या सुन रहे कांग्रेसी नेता

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** भारत जोडो यात्रा के पॉचवे दिन रविवार को कांग्रेसजनो ने यात्रा के प्रथम पहर में शहर से सटे ग्रामीण भाग ग्राम सोनपुर और रनपुर में भारत जोडो यात्रा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता के नेतृत्व में इस यात्रा का आरंभ ग्राम सोनपुर के पंचायत भवन से प्रारंभ हुआ जो कि 8 कि0मी0 का सफर कर ग्राम रनपुर में समाप्त हुआ। इस दौरान यात्रा के साथ जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं दोनो गांवो के ग्रामीण मौजूद रहे। यात्रा के दौरान राकेश गुप्ता ने जिला पंचायत सदस्य की हैसियत से ग्राम सोनपुर घुटरापारा में डेढ लाख रुपय की लागत से स्टेज निर्माण की स्वीकृति दी। ग्राम सोनपुर में ही स्व देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव पेयजल योजना के अन्तर्गत बने बोर के खराब हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर नये बोरवेल की स्वीकृति भी दी गयी है। ग्राम रनपुर के ग्रामीणों ने जानकारी दी कि रनपुर का हीराबाडी बांध हाल की बारिश में बह गया है। इस बांध के पुर्ननिर्माण शिघ्र कराये जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया है। ग्राम रनपुर में ही 400 मीटर सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति भी जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता के द्वारा पहल कर दी गयी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता के साथ ही सत्येन्द्र तिवारी, विनोद सिंह, संजय सिंह, आशीष वर्मा, रजनीश सिंह, रामलाल यादव, लखन यादव, राजकुमार यादव, राजकुमारी, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष कविता भगत, श्याम, सतीश यादव, मंगल घोष आदि शामिल थे। दिन के दूसरे पहर में अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र के नमनाकला वार्ड में पानीटंकी के पास से यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा पावरहाउस, तिवारी मोहल्ला, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रिंग रोड होते हुए मंगल पांडे वार्ड में प्रवेश कर पंचदेव मंदिर के पास समाप्त हुई। यात्रा के दौरान स्थानीय निवासियों ने मुख्यतः खराब सडकों को लेकर अपनी तकलीफ की जानकारी दी। नागरिकों को अश्वस्त किया गया है कि बरसात बाद सडकों की समस्या को दूर किया जायेगा। यात्रा में यात्रा में श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष शफी अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, पीसीसी उपाध्यक्ष श्री जे0पी0 श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री श्री द्वितेन्द्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर अध्यक्ष श्री हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, श्री अरुण मिश्रा, श्री अरविंद सिंह गप्पू, मो इस्लाम, हेमंत तिवारी, देवेन्द्र सिंह रावत, सैयद अख्तर हुसैन, प्रमोद चौधरी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमति मधु दिक्षित, श्रीमति संध्या रवानी, सीता गुप्ता, आनंदी तिग्गा, अनूप मेहता, लवकेश पासवान, चंद्रभूषण सिंह, अविनाश, शंकर प्रजापति, मो0 इमरान, नरेश बाबरा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



# बूथ अध्यक्ष सर्वेश का बीजेपी राट्रीय अध्यक्ष ने किया सम्मान



-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** बीजेपी अंबिकापुर मंडल के डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 123 के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी का भाजपा राष्टीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सम्मान किया । रायपुर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बीजेपी राष्टीय अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से एक एक बूथ कार्यकर्ताओं का उनके उत्कृष्ट कार्यो के आधार पर सम्मान करते हुए उन्हें संगठन का मजबूत आधार स्तंभ बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने बूथ अध्यक्ष सर्वेश तिवारी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री तिवारी बीजेपी के एक सक्रिय तथा जुझारू कार्यकर्ता हैं वे सह कार्यालय मंत्री के रूप में भी अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं,हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# समाधान कार्यक्रम में मिला विकास कार्यों के लिए 47 लाख








-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को खनन प्रभावित ग्राम साल्ही में आयोजित समाधान कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो के लिए सरपंच को 47 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समाधान कार्यक्रम में मातृत्व वंदना योजना के तहत 6 महिलाओं को 20-20 हज़ार रूपये की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही आइस बॉक्स एवं जाल, 20 पैकेट रामतिल, आंगनबाड़ी एवं स्कूल के बच्चों को 200 नग पानी बॉटल 50 नग कंपॉक्स बॉक्स, शिशुवती महिलाओं को 50 नग मच्छर दानी, युवाओ को 7 नग क्रिकेट किट, 4 नग फुटबॉल, 2 नग नेट, 3 नग वालीबाल, मनरेगा हितग्राही को समतलीकरण हेतु 62000 रुपये का कार्य स्वीकृति आदेश, 25 हितग्राहियों को निवास प्रमाण पत्र, 1000 बांस पौधा, 1500 पैकेट सब्जी बीज तथा 250 पैकेट सैनिटरी पैड्स का भी वितरण किया गया।

## खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने करमा नर्तक दलों का बढ़ाया मनोबल



-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत रविवार को प्रेमनगर विकासखण्ड के ग्राम नवापाराकला में आयोजित संभाग स्तरीय करमा नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नर्तक दलों का उत्साहवर्ध करते हुए करमा को सरगुजा अंचल का प्रमुख लोक नृत्य करार देते हुए इसे संरक्षित रखने कहा। खाद्य मंत्री ने कहा कि सरगुज़ा में लोक नृत्य, कला, संगीत आदि सांस्कृतिक विधाओं से परिपूर्ण है। संस्कृति विभाग के द्वारा राज्य के लोक नर्तकों को पहचान दिलाने के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विरासत को बनाये रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। करमा नृत्य छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय आदिवासी नृत्य शैली है जिसमें छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति व परंपरा की झलक मिलती है।इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वहां वृक्षारोपण भी किया।

# ग्रामीण क्षेत्र से कंपनी बाजार में सामान बेचने आईं महिलाओं के साथ मारपीट

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** शहर के कंपनी बाजार में जगह को लेकर सब्जी व अन्य सामान बेचने आई ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं के साथ मारपीट की घटना सामने आई है।



शहर के कंपनी बाजार में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। यहां ग्रामीण क्षेत्र से काफी महिला-पुरूष आकर सब्जी, अनाज सहित अन्य सामान बेचने आती हैं। वहीं व्यापारी भी कई तरह के सामान बेचते हैं। भकुरा नावापारा की लगभग आधा दर्जन से अधिक महिलाएं कंपनी बाजार में सब्जी व चावल, दाल बेचने आई थीं। यहां जगह को लेकर चप्पल व्यापारी तीन से चार युवकों ने महिलाओं के साथ मारपीट करने लगा। युवकों ने एक महिला को ज्यादा चोट आई है। कंपनी बाजार में महिलाओं के साथ हो रही मारपीट की घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस को देखकर तीन युवक फरार हो गए जबकि पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। वहीं पीड़ित महिलाएं कोतवाली पहुंच कर युवकों पर कार्रवाई की मांग की है।

### बाजार में व्यापारियों का दबदबा

आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। दोनों प्रमुख बाजारों में कोचिए व व्यवसायियों का कब्जा है। इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी या अनाज बेचने आए किसानों पर धौंस दिखाते हैं। उन्हें बाजार में बैठकर सामान बेचने नहीं दिया जाता है। किसानों को परेशान किया जाता है ताकि किसान परेशान होकर औने-पौने दामों पर सब्जी व अन्य सामान कोचिए व व्यवसासियों को देकर चले जाएं और ये फिर मनमाने दामों पर बेच सकें।




# दहशरा पर्व व रावण दहन को लेकर नागरिक समिति का हुआ गठन

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**अम्बिकापुर स्थित उच्च विश्राम गृह में नागरिक समिति अम्बिकापुर की प्रथम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नागरिक समिति के संविधान सबंधी विषयों पर चर्चा कर पदाधिकारियों के नाम की भी घोषणा की गई।नागरिक समिति अम्बिकापुर की इस बैठक में आगामी दशहरा में दशानन दहन के पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें मानस गान, शैला नृत्य प्रतियोगिता, विशाल शोभा यात्रा,भव्य आतिशबाजी हेतु समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया साथ ही साल भर नगर में होने वाले सभी वर्ग- समुदाय के प्रमुख आयोजनों को त्योहार स्वरूप मनाने का निर्णय लिया गया ।समिति ने कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव एवं अमरजीत भगत को संरक्षक बनाया है।समिति के प्रथम बैठक में पदाधिकारी के तौर पर अध्यक्ष पद हेतु अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष पद हेतु शफी अहमद,जेपी श्रीवास्तव, आलोक दुबे,गुरप्रीत सिंह बाबरा,डॉ. अजय तिर्की , द्वितेंद्र मिश्रा , अजय बंसल , राकेश गुप्ता ,विनोद अग्रवाल के नाम पर सहमति बनी। महासचिव पद हेतु राजीव अग्रवाल, संदीप जायसवाल, सचिव पद हेतु प्रवीण गुप्ता,अरविंद सिंह, मनीष गोयल, मुकेश अग्रवाल,सैयद अख़्तर,विक्की सिंह,सहसचिव पद हेतु रण विजय सिंह तोमर ,रोशन अग्रवाल , दुर्गेश गुप्ता,लाल चंद यादव,कोषाध्यक्ष के पद के लिए नीरज प्रकाश पांडे,मीडिया प्रभारी मनीष कुमार सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी ऋषभ मंगल को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर त्रिभुवन सिंह,करता राम गुप्ता,त्रिलोक कपूर कुशवाहा,रमेश अग्रवाल,त्रिलोकी सिंह,अजय सिंह भंवर बाबा,प्रकाश राय,अरविंद सिंघानिया,दिनेश बंसल,पपिंदर सिंह,दीपक मिश्रा,भूपेंद्र गुप्ता,अरविंद केदमा,किशन अग्रवाल,अशोक अग्रवाल (कामना),मनीष ली,अक़ील अहमद अंसारी एवम नुरुल अमीन के नामों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बैठक में राधे गोयल,दिव्यांश केसरी,आयुष पांडे अनुराग दुबे,उत्सव केसरी सहित शहर के तमाम बुद्धिजीवियों के अलावा सभी वर्ग समुदाय के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।



CMYK

## देवेंद्र, शैलेश से लेकर भानु तक टिकट के दावेदार पर कौन लगाएगा भाजपा की नैया पार?

# भाजपा में विधायक पद के बढ़ते दावेदार खड़ा कर सकते हैं समस्या

### कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में दावेदारों की बढ़ती संख्या, भाजपा गंवा सकती है बैकुंठपुर विधानसभा

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले का बैकुंठपुर विधानसभा पूरे सरगुजा का हाईप्रोफाइल विधानसभा माना जाता है यहां पर अच्छी अच्छी रणनीतियां फेल हो जाती है और खराब रणनीतियां भी पास हो जाती है, कुछ ऐसा ही पिछले विधानसभा में देखने को मिला है, इस विधानसभा का शुरूआत से इतिहास को यदि खंगाला जाए तो यह विधानसभा हर तरफ से चुनाव परिणाम को रोचक बनाता है। स्व पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय से लेकर कोरिया कुमार स्वर्गीय डॉ रामचन्द्र सिंहदेव तक और फिर भइयालाल राजवाड़े से लेकर वर्तमान विधायक तक, कोरिया कुमार ने तो एक बार निर्दलीय लड़कर ही भारी मतों से चुनाव जीत लिया था, वहीं सरगुजा पैलेश को कांग्रेस की टिकट पर बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी, कोरिया कुमार के चुनाव न लड़ने पर एकबार द्वारिका प्रसाद का बीजेपी से विधायक बन गए थे, जबकि उस समय कांग्रेस की लहर चलती थी, कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा का चुनाव हमेशा रोचक रहा है और हर बार परिणाम अप्रत्याशित ही आते रहें हैं, पिछले चुनाव में दो बार के विधायक व कैविनेट मंत्री और जन सरोकारों के लिए प्रसिद्ध भइयालाल राजवाड़े को भी हार का मुंह देखना पड़ा था जो साबित करता है कि






बैकुंठपुर विधानसभा में परिणामों को लेकर कोई भी कुछ पहले से कहने की स्थिति में नहीं रहता है।

**भाजपा में दावेदारों की संख्या पिछली बार के मुकाबले ज्यादा है**

बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा को और कांग्रेस को बारी बारी जनता ने अवसर दिया और कभी भी यह विधानसभा किसी एक दल की होकर नहीं रही, अब पुनः एक बार फिर 2023 का विधानसभा चुनाव सामने आने वाला है और भाजपा में दावेदारों की संख्या पिछली बार के मुकाबले ज्यादा है, भाजपा में विधायक पद के दावेदारों की बढ़ती संख्या भाजपा को फिर नुकसान पहुंचा सकती है, यह दावेदारों की अधिक संख्या देखकर संकेत मिल रहे हैं, कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा के जो दावेदार सामने हैं उनमें पहले नंबर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भइयालाल राजवाड़े, देवेन्द्र तिवारी, शैलेश शिवहरे, भानु पाल और हाल फिलहाल ही भाजपा में नए-नए शामिल हुए डॉ राकेश शर्मा भी अब इसमें शामिल होते दिख रहे हैं, डॉ राकेश शर्मा विधायक के लिए तो कम पर सांसद के लिए ज्यादा प्रबल प्रत्याशी माने जा रहें हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रथम सदस्यता ग्रहण करते ही इन्हें 2024 में सांसद प्रत्याशी चुन लिया जाएगा, कोरिया जिले के बैकुंठपुर के सारे दावेदार रायपुर में नए प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर अपनी टिकट फाइनल कराने की जुगत लगाते भी नजर आ रहें हैं।

**भाजपा को पिछली बार भी कई दावेदारों के खींचतानी में करना पड़ा था हार का सामना**

बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा की पिछली हार का कारण भी कहीं न कहीं कई दावेदारों की वजह से आपसी खींचतान में हुई हार मानी जाती है वहीं यदि फिर दावेदार ज्यादा रहे तो वही स्थिति निर्मित होगी इससे इंकार नहीं किया जा सकता, भाजपा के पास संगठन मजबूत है और मजबूत संगठन के बीच गुटबाजी भी हावी है, जिन नामों पर लगातार दावेदार होने को लेकर कयास लगाए जा रहें हैं वह ऐसे ही नहीं लगाये जा रहें हैं सभी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहें हैं और अपनी अपनी दावेदारी साबित भी कर रहें हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भइयालाल राजवाड़े को लेकर जनता का रुख सकारात्मक नजर आ रहा है लेकिन उम्र के कारण टिकट मिलने में मुश्किल आ सकती है उन्हें इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता और यदि उनके लिए ना हुई तो किसे मिलेगा टिकट इसको लेकर ही सभी अन्य प्रयासरत हैं।

**भाजपा से जीतने वाले प्रत्यासी हो सकते है भइयालाल राजवाड़े**

भइयालाल राजवाड़े जीतने वाले प्रत्यासी होंगे इस संभावना से कोई इंकार भले ही नहीं कर रहा हो इसे अन्य भी दावेदार मानते हैं लेकिन वह इस प्रयास में है कि टिकट कटने की स्थिति में उन्हें मौका मिलेगा इसलिए वह प्रयास कर रहें हैं। बैकुंठपुर विधानसभा की वर्तमान विधायक के कार्यकाल मे उनका जनसंपर्क क्षेत्र भ्रमण बिल्कुल कम रहा इसको लेकर भी भाजपा से दावेदारी करने वाले जीत को लेकर आश्वस्त नजर आते हैं और टिकट की मांग करते नजर आते हैं। बैकुंठपुर विधानसभा का 2023 का चुनाव रोचक इसलिए भी रहने वाला है कि भाजपा से भइयालाल राजवाड़े को टिकट नहीं मिलने की स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी बतौर भी कुछ बड़े प्रत्यासी चुनाव लड़ सकते हैं और अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। भाजपा के लिए 2023 का चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण रहने वाला है क्योंकि भाजपा हर हाल में चुनाव जीतना चाहेगी और ऐसे में वह ऐसा प्रत्यासी ही मैदान में उतारेगी जो जितने वाला हो ऐसे में भइयालाल राजवाड़े का टिकट कटेगा लगता नहीं है।

**बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा एक से अधिक दावेदारों को कैसे संतुष्ट करेगी**

बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा के एक से अधिक दावेदारों को भाजपा कैसे संतुष्ट करेगी यह भी देखने वाली बात होगी, वैसे सत्ताधारी दल से भी कई दावेदार हो सकते हैं इसका भी अंदेशा है और सुनने को भी मिल रहा है लेकिन वर्तमान विधायक का टिकट कटेगा यह लगता नहीं है। भाजपा के अन्य दावेदारो में देवेंद्र तिवारी ने अपनी दावेदारी के लिए बैकुंठपुर में घर बना लिया है और बैकुंठपुर के निवासी हो गए हैं और उन्हें संगठन पर विश्वास है और उसी के सहारे वह टिकट की दौड़ में हैं, वही शैलेश शिवहरे का भी जनसम्पर्क तेज है और नगरपालिका में कब्जा कर वह अपनी दावेदारी को मजबूत बना चुके हैं, वहीं भानुपाल भी पार्षद का चुनाव जीतकर अपनी दावेदारी को मजबूत कर चुके हैं नए नए भाजपा में शमील हुए, डॉ राकेश शर्मा की दावेदारी विधायक के लिए है कि नहीं यह तो पता नहीं लेकिन वह सांसद के लिए टिकट की मांग कर सकते है ऐसी सूचना मिल रही है, वैसे डॉक्टर साहब का सार्वजनिक जीवन व जनसरोकारों से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है और बैकुंठपुर शहर से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में उनको स्वीकार करने वालों की संख्या भी नगण्य है। डॉक्टर साहब की दावेदारी कहीं से भी मजबूत नजर नहीं आती और उनके भरोशे विधानसभा और लोकसभा दोनों में भाजपा की नैया पार होगी लगता नहीं है।

## भास्करपारा कोयला खनन परियोजना का हो रहा जमकर विरोध

### सिर्फ जनप्रतिनिधियों को बैठक में बुलावा, नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** भास्करपारा कोयला खनन परियोजना के लिए आज रविवार को आयोजित बैठक के दौरान प्रशासन को ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा गुपचुप तरीके से बैठक का आयोजन ग्राम खाड़ापारा में किया है। जबकि बैठक के पूर्व भास्करपारा कोयला खनन परियोजना से प्रभावित ग्रामों में मुनादी नहीं कराई है। वहीं बारिष के दिनों में आयोजित बैठक में बारिश से बचने के लिए वाटरप्रूफ टैंट की व्यवस्था भी नहीं कराई गई थी। प्रदर्शन के दौरान बड़सरा क्षेत्र के जनपद सदस्य सुनील कुमार साहू के नेतृत्व में ग्रामीणजन बारिष में भीगते रहे और आयोजन का बहिष्कार करते हुए जमकर नारेबाजी की।



इस संबंध में बताया जा रहा है कि भास्करपारा कोल ब्लाक का आवंटन प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड को किया गया है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा भास्करपारा कोयला खनन परियोजना संबंधित जानकारी पर चर्चा हेतु बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत खाड़ापारा में किया गया। जिसमें भैयाथान एसडीएम सागर सिंह, तहसीलदार ओपी सिंह, पुलिस एसडीओपी राजेश जोशी , भैयाथान टीआई नरेन्द्र सिंह, प्रकाश इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि ए के चतुर्वेदी समेत जनप्रतिनिधियों में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, जिपं सदस्य दुर्गा संतोष सारथी एवं ग्राम पंचायत कुर्रीडीह, खाड़ापारा, दनौली खुर्द, केंवरा, कुसमुसी, धरसेड़ी सरपंच मंच पर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत बड़सरा और बस्कर के सरपंच और जनपद सदस्य सुनील साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस बैठक का जमकर विरोध किया। इस दौरान मंच पर उपस्थित एसडीएम सागर सिंह और एसडीओपी राजेश जोशी मंच से उतरकर प्रदर्शन कर रहे सुनील साहू से चर्चा की। इस दौरान सुनील साहू ने कहा कि भास्करपारा कोयला खनन परियोजना के लिए प्रशासन प्रकाश इंडस्ट्रीज के एजेंट सा बर्ताव कर रहा है। बैठक की मुनादी भी किसी ग्राम पंचायत में नहीं कराई गई है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रकाश इंडस्ट्रीज वापस जाओ, न लोक सभा न विधानसभा सबसे उंची ग्राम सभा, जल जंगल जमीन पर अधिकार हमारा है के नारे भी लगाए। इस प्रदर्शन के उपरांत बैठक समाप्त कर दी गई। प्रदर्शनकारियों में रामू गोस्वामी, विनय जायसवाल, नरेन्द्र साहू, सुषील साहू, जगनारायण सिंह, रामेश्वर सिंह, रक्षेन्द्र प्रताप सिंह, हृदय सिंह, भगवान सिंह, अवध कुर्रे, रामचन्द्र, हीरालाल राजवाड़े, विष्वनाथ सिंह, सत्यनारायण सिंह, बिषुन राम, संदीप कुषवाहा समेत बस्कर, बड़सरा, खाड़ापारा, कुधरीपारा के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**अवैध पट्टों की होगी जांच**

जनपद सदस्य सुनील साहू ने एसडीएम सागर सिंह को कहा कि पूर्व में उनके द्वारा भास्करपारा कोयला खनन परियोजना क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में प्रशासन द्वारा जारी भूमि के पट्टों की जांच के संबंध में आवेदन दिया था जिस पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिस पर एसडीएम सागर सिंह ने जांच कराने का आश्वासन दिया।

## 52 नग नशीली इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्व पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम संजयनगर में एक व्यक्ति मोटर सायकल सहित वहां पहुंचा है और नशीली दवाईयों रखा है और बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। रविवार को जयनगर पुलिस की टीम ने ग्राम संजयनगर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित अविनाश विश्वास पिता नरेश विश्वास उम्र 28 वर्ष निवासी डिगमा, थाना गांधीनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से नशीली एविल इंजेक्शन 28 नग, टीजेसिक



इंजेक्शन 20 नग, लिजेसिक इंजेक्शन 4 नग कुल 52 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 26 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## हत्या के मामले में पुलिस को गुमराह करने वाला आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** हत्या को आत्महत्या बताकर लगातार पुलिस को गुमराह करने वाले पति की चालाकी काम नहीं आई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ने हकीकत बयां कर दी और हत्यारा पति जेल भेजा गया। रामपुर चौकी प्रभारी एसआई कृष्णा साहू ने बताया कि खपरा भट्ठा बुधवारी निवासी शिव प्रकाश शाह पिता मोतीलाल शाह 36 वर्ष 17 अप्रैल को पत्नी श्रीमती ममता शाह को घायल अवस्था में लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचा था। उसने बताया था कि पति-पत्नी के मध्य विवाद होने पर ममता ने आत्महत्या करने की नीयत से पेट में चाकू घोंप लिया है और गंभीर रूप से घायल हो गई है। उपचार के दौरान ममता शाह की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस चौकी रामपुर में मर्ग क्रमांक 56/2022 पर धारा 174 जा फौ के तहत मर्ग पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा ममता के शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसकी रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतका के शरीर में चोट के 14 निशान होने का उल्लेख किया गया। इस आधार पर पति शिव प्रकाश शाह के विरुद्ध हत्या और साक्ष्य छिपाने के जुर्म में धारा 302, 201 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शिव प्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर काफी देर तक गुमराह करता रहा लेकिन कड़ी पूछताछ में अपराध करना स्वीकार किया। उसने बताया कि पत्नी ममता के चरित्र पर शंका करता था, इसी कारण 17 अप्रैल की रात में पेट में चाकू से वार कर हत्या कर दिया। आरोपी शिव प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने उपरांत जेल दाखिल करा दिया गया है।





## आखिर क्यों विधायक का गणेश पूजा के लिए दिया गया चंदा बन गया है चर्चा का विषय

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ विधायक का गणेश पूजा के लिए दिया गया चंदा चर्चा का विषय बन गया है, मनेंद्रगढ़ विधायक से चिरमिरी क्षेत्र के गणेश पूजा समितियों ने जब चंदा मांगा तो उन्होंने बाकायदा रसीद कटवाई और रसीद के पीछे उन्होंने कमिश्नर लिखकर अपना सील और हस्ताक्षर कर समितियों को निगम कार्यालय जाकर चंदा लेने को कह दिया।

विधायक ने इस तरह ही लाखों रुपये की रसीद कटवाई है और सभी को निगम कमिश्नर से चंदा लेने के लिए रसीद के पीछे सील लगाकर हस्ताक्षर करके भेज दिया।

अब इस मामले को कुछ लोगों ने सोशल मिडीया पर पोस्ट करके यह सवाल उठाया है कि निगम के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं मिल रहा है वहीं विधायक




जी गणेश पूजा का चंदा निगम से भुगतान करवा रहें हैं। बता दें कि मनेंद्रगढ़ विधायक की धर्मपत्नी चिरमिरी नगरनिगम की महापौर हैं और इस तरह उनका निगम पर कब्जा है इसलिए विधायक जी अधिकार से कमिश्नर से चंदे का भुगतान करवा रहें हैं। वैसे सोशल मीडिया पर मुद्दा उठाने वाले ने भी सही आरोप लगाया है कि जनता के कर से जनता की भलाई के लिए जनता की सुविधाओं के लिए निगम द्वारा खर्च की जाने वाली राशि चंदे में क्यों दे दी जा रही है वहीं निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विधायक जी इसी तरह भुगतान हस्ताक्षर से और सील लगाकर क्यों नहीं करवा ददेते हैं।

वैसे मनेंद्रगढ़ विधायक कई बार अपनी मनमानी करते आये हैं उन्होंने इसी तरह एकबार विधायक निधि की राशि पत्रकारों को बांट दी थी जिसे कुछ पत्रकारों ने यह कहकर लौटा दिया था कि विधायक निधि का पैसा जनता की जरूरत और उनकी कठिन समय मे मदद के लिए उपयोग करने के लिए होना चाहिए इस तरह पत्रकारों को बांटने के लिए नही। वैसे नगरनिगम चिरमिरी के कमिश्नर विधायक जी की तरफ से गणेश पूजा समितियों को मिलने वाली राशि विधायक जी के आदेश पर किस मद से भुगतान करेंगे यह देखने वाली बात होगी वैसे इसे भ्रस्टाचार से जोड़कर भी आरोप लग रहे हैं। वैसे मनेंद्रगढ़ विधायक अपनी ही सरकार के लिए कई बार मुसबीत खड़ी करते नजर आते हैं ।

## चोरी के माल सहित एक गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** बीते शनिवार को ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी मिथलेश प्रजापति ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जिला अस्पताल सूरजपुर के एमसीएच विंग के कन्ट्रोल रूम में रखा एक पीतल का अग्नि शमक यंत्र में लगने वाला वाटर सप्लाई नोजल को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर धारा 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी करने के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस को जानकारी मिली कि चोरी में जेलपारा सूरजपुर निवासी फुकुलुस खेस पिता स्व. सैनाथ खेस उम्र 25 वर्ष का हाथ है जिसके बाद उसे पकड़ा गया।



पूछताछ पर उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी किए गए नोजल कीमत करीब 12 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर व उनकी टीम सक्रिय रही।

## भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री नवीन पटेल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय से किया स्वागत

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** रायपुर साइंस कालेज मैदान में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे.पी.नड्डा जी का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें बूथ अध्यक्ष, सक्तिकेन्द्र-प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल, जिला, प्रदेश पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन प्रदान किये ॥ इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व ज़िला महामंत्री नवीन पटेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर माननीय जगत प्रकाश नड्डा जी का आत्मीय से स्वागत किया ढ्ढ़स अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, पूर्व ज़िलाध्यक्ष अशोक चावलानी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ खान, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी ,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश झा भी उपस्थित थे।



## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मनेंद्रगढ़ नगर की जिम्मेदारी आनंद शर्मा को सौंपी



-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** जिला कोरिया में कार्यकारिणी सदस्य की बैठक गो .ग. पा. सभी पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरों की अध्यक्षता में एमसीबी जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम एवं पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष सरगुजा संभाग के अध्यक्ष की बैठक में पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच आनंद शर्मा को जिला एमसीबी मनेंद्रगढ़ का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया है। जिसके लिए जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरो एमसीबी जिला केवल सिंह मरकाम ने एवं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर**
**जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

नजूल प्रकरण क्रमांक-
202207262000005/अ-6
नगर सूरजपुर, तहसील सूरजपुर

**ईश्तहार**

आवेदक श्री बैजनाथ अग्रवाल आ0 रघुनाथ राय अग्रवाल, जाति अग्रवाल निवासी सूरजपुर तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नम्बर 2164/3,2165/3, रकबा क्रमशः 3267 एवं 1306 व.फु. भूमि को न्यायालय कलेक्टर सूरजपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक-202009620000003/अ-20/2019-20 में पारित आदेश दिनांक 09.06.2022 के द्वारा अनुमति प्राप्त कर अनावेदक/विक्रेता फुलतवी देवी पति शिवचरण अग्रवाल द्वारा मुख्तार आम मनोज अग्रवाल आ0शिवचरण अग्रवाल से पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक-15 जून 2022 के माध्यम से क्रय किए जाने से वादभूमि का नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक-30/09/2022 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी** सूरजपुर

## आदतन बदमाश आया पुलिस के गिरफ्त में

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** कोरबा के बुधवारी क्षेत्र में दहशत का पर्याय बने आदतन बदमाश सूरज हथठेल एक बार फीर पुलिस की शिकंजे में फंस गया । बुधवारी में बीती रात चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने जब लोग मशगूल थे तब सूरज करीब चार घरों का ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली थी। सुबह घटना के आम होने के बाद ,लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को सूरज हथठेल को हिरासत में लेने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।



पुलिस कार्रवाई से बचने सूरज काफी देर तक हंगामा करता रहा। हाई वोल्टेज ड्रामा करने के बाद आदतन बदमाश को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्यवाई में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सीएसईबी चौकी प्रभारी नवल साव, रामपुर चौकी प्रभारी कृष्णा साहू, सीएसईबी चौकी सहित सायबर सेल के सभी पुलिस कर्मचारी मुस्तैद नजर आए और अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। मामले में पुलिस द्वारा जरूरी कार्यवाई की गई है।

## 21 वर्षीय युवकने फांसी लगाकर की खुदकुशी

-नगर संवाददाता-

**कुसमी 11 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।** थाना अंर्तगत गजाधपुर ग्राम के तुरिपानी गांव में आज सुबह 21 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला शव देखकर गांव के लोगो ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस घटना स्थल पहुँचकर शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा तैयार कर शव पीएम के लिये भेज दिया , मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक का नाम अरविन्द कुमार पिता सुखराम है जो कि अपने नाना नानी के घर



मे रहता था और घटना के समय यानी शनिवार की रात अपने गांव में घुम फिरकर घर पहुचा और खाना पीना खाकर सो गया वही नाना नानी भी सो गये लेकिन युवक कब रात में उठकर अपने घर से कुछ दुर पर जाकर बरगद पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी यह सुबह पता चला जब गांव के लोगो ने युवक का शव पेड़ में लटका देखा तो कुसमी थाने में घटना की जानकारी दी, घटना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुँचकर मामले की विवेचना में जुटी तो प्रथम द्रष्टया मिर्तक के आत्महत्या करने की वजह की तौर पर प्रेम प्रसंग का मामला सामने निकलकर आया है अब पुलिस युवक की मौत से जुड़ी हर एक तथ्य के जांच में जुटी हुई है।

